तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

अब 5 साल की जगह हर वर्ष होगी कोयला कर्मियों आवधिक चिकित्सा जांच





खबर संक्षेप

अतिथि शिक्षकों की भर्ती के लिए वॉक-इन इंटरव्यू कल

कोरबा। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, कोरबा द्वारा दिशा प्रोजेक्ट के अंतर्गत अतिथि शिक्षकों के अस्थायी नियोजन के लिए 10 अक्टूबर को वॉक-इन इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान, गणित, हिंदी और अंग्रेजी विषयों में एक-एक अतिथि शिक्षक का चयन किया जाएगा। इंटरव्यू के लिए पंजीयन सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा। दोपहर 12 बजे के बाद साक्षात्कार लिया जाएगा। आयोजन स्थल एसईसीबी, कोरबा स्थित हिंदी माध्यम विद्यालय निर्धारित है। संबंधित विषय में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर, बी.एड. तथा विद्यालय में पीजीटी के रूप में कम से कम 7 वर्ष का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी पात्र होंगे। चयन दस्तावेज सत्यापन, शैक्षणिक एवं अनुभव के अंकों, डेमो अध्यापन और संरचित साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। चयनित अतिथि शिक्षक को शर्तों के अधीन अधिकतम 10 माह तक 35 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा।

आज आरएसएस नगर जोन में लगेगा शिविर

कोरबा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर निगम द्वारा 9 अक्टूबर को पं.रविशंकर शुक्ल जोन कार्यालय और 10 अक्टूबर को बालको जोन में सेवा सेतु शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। इसका उद्देश्य नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं और सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ उनकी समस्याओं एवं आवेदनों के निराकरण में सहायता करना है। बालको जोन में आयोजित सेवा सेतु शिविर उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन शामिल होंगे। शिविर में राजस्व, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, खाद्य, महिला एवं बाल विकास, श्रम, समाज कल्याण, विद्युत, सहकारिता, कौशल विकास, उद्योग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, परिवहन सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। नागरिक संबंधित सेवाओं की जानकारी ले सकेंगे और अपनी आवश्यकता के अनुसार आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे।

श्री गुजराती समाज में नवरात्रि महोत्सव 11 से

कोरबा। श्री गुजराती समाज द्वारा समाज भवन परिसर में 11 अक्टूबर से नवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। 11 अक्टूबर रविवार को प्रातः 11.45 बजे शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ नवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ होगा। इस दौरान समाज भवन परिसर में आकर्षक लाइटिंग एवं साज-सज्जा के साथ प्रतिदिन रास-गरबा का आयोजन किया जाएगा। समाज के सदस्यों के लिए गरबा का वितरण 10 अक्टूबर को संत श्री जलाराम मंदिर में किया जाएगा। गरबा वितरण का समय सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा शाम 4 बजे से रात 8:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। प्रति गरबा शुल्क 100 रुपये रखा गया है। नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन प्रथम आरती रात 9 बजे और द्वितीय आरती रात 12 बजे होगी। 18 अक्टूबर को महाअष्टमी के अवसर पर हवन का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन रात 12 बजे महाआरती होगी। गुजराती महिला मंडल द्वारा नवरात्रि के अवसर पर पूरे नौ दिनों तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। आयोजन को लेकर समाज भवन में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

6 दिनों बाद खुलेंगे जिले के सभी 16 रेत घाट, रेत के दामों में आएगी गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानसून सत्र के दौरान बंद रहे जिले के सभी रेत घाट जल्द ही फिर से गुलजार होने वाले हैं। बारिश के सीजन में रोक के कारण पिछले कुछ महीनों से क्षेत्र में रेत की भारी किल्लत बनी हुई थी, जिससे आम जनता के साथ-साथ निर्माण कार्यों से जुड़े ठेकेदारों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। लेकिन अब लोगों का यह इंतजार खत्म होने जा रहा है। महज 6 दिन बाद, 16 अक्टूबर से जिले के सभी 16 स्वीकृत रेत घाट औपचारिक रूप से खोल दिए जाएंगे।

घाट खुलते ही नदियों से रेत की निकासी तेजी से शुरू होगी, जिससे बाजार में रेत की आपूर्ति सामान्य हो जाएगी। वर्तमान स्थिति में रेत की कमी के कारण लोगों को अपने मकान और अन्य निर्माण कार्यों के लिए मोटी रकम चुकानी पड़ रही थी। चोरी-छिपे बिकने वाली रेत के कारण कीमतें आसमान छू रही थीं, जिससे कई लोगों ने अपने सपनों का आशियाना बनाने का काम बीच में ही रोक दिया था। 16 अक्टूबर से रेत की निर्बाध सप्लाई शुरू होते ही बाजार में इसके दामों में बड़ी गिरावट देखने को मिलेगी। सस्ती और आसानी से उपलब्ध रेत मिलने से न केवल आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी, बल्कि जिले में चल रहे सरकारी और निजी निर्माण कार्यों, पुल-पुलिया, सड़कों और ठेकेदारी के कामों में भी जबरदस्त तेजी आएगी। ज्ञात रहे कि रेत घाट बंद होने के दौरान शहर में रेत तस्कर अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं और बड़े पैमाने पर रेत की चोरी कर रहे थे। हालांकि खनिज विभाग की टीम तस्करों को सबक सिखाने में कामयाब रही और कई तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर बड़े पैमाने पर वाहनों की जब्ती भी की है।

बारिश के दौरान जिले के सभी घाट पड़े थे बंद



खुलेंगे सभी रेत घाट

16 अक्टूबर से जिले के 16 रेत घाट खुल जाएंगे और लोगों को आसानी से रेत मुहैया हो सकेगी। इसके लिए आदेश जारी कर दिया गया है।

-प्रमोद नायक,
उपसंचालक, खनिज विभाग
कोरबा

कहीं इस चोरी में भी शहर के कुख्यात कबाड़ी का हाथ तो नहीं

मकान में पुलिस का छापा, 36 कटी रेल पांत जब्त, रेलवे प्रबंधन को दी गई सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जटगा पुलिस ने किराए के एक मकान में दबिश देकर भारी मात्रा में रेलवे की कटी हुई पटरी बरामद की है। पुलिस की कार्रवाई की भनक लगते ही मकान में रहने वाला संदिग्ध युवक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कटे हुए 36 नग रेल पांत को जब्त किया है। पुलिस ने इसकी सूचना रेलवे प्रबंधन को दे दी है। रेलवे प्रबंधन के आने के बाद इसमें और बड़ी कार्रवाई होगी।

जटगा चौकी पुलिस ने बरबसपुर गांव में रहने वाले अथिर दास एक पक्के निर्माणाधीन मकान पर कार्रवाई करते हुए करीब 36 नग कटी हुई रेलवे पांत बरामद की है। मौके से स्वराज माजदा वाहन, ऑक्सीजन सिलेंडर, गैस सिलेंडर, गैस कटर सहित रेलवे सामग्री काटने में इस्तेमाल होने वाले अन्य औजार भी जब्त किए गए हैं। जटगा चौकी प्रभारी भीमसेन यादव ने बताया कि मकान मालिक अथिर दास ने अपना मकान राजू कुमार नामक युवक को किराए पर दिया था। बताया जा रहा है कि राजू कुमार छत्तीसगढ़ रेल कॉरिडोर में चल रहे नई रेल लाइन के कार्य से जुड़ी एक निजी कंपनी में काम करता था। पुलिस के पहुंचने की जानकारी मिलते ही वह मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जानकारी रेलवे विभाग के अधिकारियों को दे दी है। अब यह पता लगाया जा रहा है कि बरामद की गई रेल पटरी किस कंपनी के कार्य से संबंधित है और इसे किस तरह वहां लाकर रखा गया था। चौकी प्रभारी भीमसेन यादव ने बताया कि रेलवे प्रबंधन को इसकी सूचना दे दी गई है। उनके आने के बाद पुलिसिया कार्यवाही तेज होगी। फिलहाल धारा 106 के तहत सामानों को जब्त किया गया है। निश्चिततौर पर जिस तरह से रेल पांत की कटिंग कर चोरी कराई जा रही है उससे यह साफ है कि किसी न किसी बड़े गिरोह का हाथ हो सकता है। शहर में बरबट्टी नामक कबाड़ चोर द्वारा नहर के ब्रिज को ही काटकर चोरी कर ली गई थी। इस मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की थी और बरबट्टी सहित गिरोह के अन्य सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई की थी। अब रेल पांत का नया मामला सामन आया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जांच के बाद भी खुलासा होगा कि कहीं इसका तार भी शहर के कुख्यात कबाड़ सरगना से तो नहीं है।

खास बात

- धारा 106 के तहत रेल पांत को जटगा पुलिस ने किया जब्त, जांच जारी





जब्त रेल पांत व मेटाडोर।

कोतवाली पुलिस की वारंटियों एवं बदमाशों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई



पुलिस गिरफ्त में वारंटी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदय प्रतीक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा फरार वारंटियों एवं बदमाशों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

जिसके तहत पुलिस ने इमलीडुग्गू निवासी मनोज कुमार उर्फ रवि नवरंग 26 वर्ष पिता पूनम राम नवरंग, विक्रम सिंह 28 वर्ष पिता सालिक सिंह, राताखार निवासी राकेश यादव उम्र 20 वर्ष पिता शंकर यादव, मोती सागर पारा निवासी कवि यादव 32 वर्ष पिता तीजराम, स्टेशन रोड शनिमंदिर निवासी रविंद्र निषाद उम्र 40 वर्ष पिता गोविंद राम, सर्वमंगला रोड पटेलपारा निवासी अनिल कुमार गुप्ता 45 वर्ष पिता स्वर्गीय रामपाल गुप्ता, दुरपा रोड निवासी धनराज शर्मा 40 वर्ष पिता रम्य शर्मा, रामसागर पारा निवासी विनीत कश्यप 28 वर्ष पिता जॉनसन कश्यप एवं थॉमसन बेंजामिन 42 वर्ष पिता किता बेंजमीन विलियम को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार सभी के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

नगर पालिका परिषद दीपका में कांग्रेस का धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिका परिषद दीपका की विभिन्न समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दीपका एवं पालिका के सभी कांग्रेसी पार्षदों द्वारा पालिका कार्यालय के सामने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेसियों ने दीपका नगर के 12 सूत्रीय जनहित मांगों को प्रमुखता से उठाया और निराकरण की मांग रखी।

कांग्रेस द्वारा लगाए गए बैनर में सड़क एवं नाली व्यवस्था, साफ-सफाई एवं कचरा उठाव, आबादी पट्टा एवं आवास, स्ट्रीट लाइट एवं विद्युत व्यवस्था, गौरव पथ पुनर्निर्माण और नियमित पेयजल आपूर्ति जैसी मांगें शामिल हैं। इसके अलावा निर्माण कार्यों के भुगतान की जांच, अधूरे कार्य एवं ठेकेदारों की जवाबदेही, राशन कार्ड एवं नागरिक सेवाएं, अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति, विकास कार्यों में पारदर्शिता तथा वार्डवार सर्वे एवं समयबद्ध निराकरण की मांग भी रखी गई है। कांग्रेस ने अपने बैनर के माध्यम से नगर की समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई और समयबद्ध स्थायी निराकरण सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि मांगों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन को आगे भी जारी रखा जाएगा। धरना-प्रदर्शन के जरिए कांग्रेस ने नगर पालिका की व्यवस्थाओं और विकास कार्यों को लेकर सवाल उठाते हुए संबंधित समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की है। अब देखना होगा कि नगर पालिका प्रशासन की ओर से इन 12 सूत्रीय मांगों पर क्या कार्रवाई की जाती है।

खास बात

- 12 सूत्रीय मांगों को लेकर कांग्रेसी पार्षदों ने खोला मोर्चा



धरने पर बैठे कांग्रेसी पार्षद व अन्य।

बांगो जल विद्युत गृह में आपदा प्रबंधन मॉकड्रिल सफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव बांगो जल विद्युत गृह माचाडोली में बुधवार को आपदा प्रबंधन एवं इमरजेंसी रिस्पांस के तहत मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। मॉकड्रिल के दौरान ट्रांसफार्मर यार्ड में भीषण आग लगने की काल्पनिक आपातकालीन स्थिति निर्मित कर फायर एवं इमरजेंसी रिस्पांस टीम की तत्परता, समन्वय और अग्निशमन क्षमता का परीक्षण किया गया। अभ्यास के दौरान इमरजेंसी सायरन बजते ही फायर एवं इमरजेंसी रिस्पांस टीम तत्काल सक्रिय हुई और निर्धारित प्रक्रिया के तहत घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण की कार्रवाई शुरू की। फायर स्टाफ ने करीब सात मिनट में आग पर प्रभावी रूप से नियंत्रण पाने का प्रदर्शन किया।

मॉकड्रिल के दौरान ट्रांसफार्मर यार्ड में आग को अन्य हिस्सों तक फैलने से रोकने के लिए आवश्यक तकनीकी एवं व्यावहारिक प्रक्रियाओं का प्रदर्शन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य वास्तविक आपातकालीन स्थिति में त्वरित निर्णय लेने, उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग करने तथा विभिन्न टीमों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर दुर्घटना को नियंत्रित करने का अभ्यास कराना था। मॉकड्रिल का आयोजन अधीक्षण यंत्री (संचालन एवं संधारण) राकेश चंद्र गुप्ता के दिशा-निर्देशन एवं नेतृत्व में किया गया। इस दौरान अधीक्षण यंत्री (सेफ्टी) राजेश बंजारा, सेफ्टी ऑफिसर पीयूष सोमानी, फायर ऑफिसर पानरिया सहित प्लांट के अधिकारी, कर्मचारी और सिक्योरिटी स्टाफ उपस्थित रहे। मॉकड्रिल के दौरान फायर ऑफिसर एवं फायर स्टाफ ने अधिकारियों, कर्मचारियों तथा ठेका श्रमिकों को अग्निशमन उपकरणों के उपयोग और आग बुझाने की तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया। कर्मचारियों को आपात स्थिति में अपनाई जाने वाली सुरक्षा प्रक्रियाओं, टीमवर्क और त्वरित कार्रवाई के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर राकेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि आपातकालीन स्थिति में समय का प्रत्येक क्षण बेहद महत्वपूर्ण होता है। बिना निरंतर अभ्यास और तैयारी के किसी भी चुनौती का प्रभावी ढंग से सामना करना कठिन है।

खास बात

- सात मिनट में आग पर पाया काबू



मॉकड्रिल करते फायर एवं इमरजेंसी रिस्पांस टीम।

गैर कार्यकारी कर्मचारियों को उच्च तकनीकी शिक्षा का अवसर दिलाने का मामला

एसईसीएल में बीटेक, एमटेक को उच्च शिक्षा गाइडलाइन में शामिल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के सुरगुजा, बिश्रामपुर एवं भटगांव क्षेत्रों में कार्यरत गैर-कार्यकारी कर्मचारियों को उच्च तकनीकी शिक्षा का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एसईसीएल की उच्च शिक्षा संबंधी गाइडलाइन्स में एआईसीटीई अनुमोदित बी टेक, एम टेक पाठ्यक्रम को शामिल करने की मांग की गई है। इस संबंध में एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक को पत्र भेजकर पात्र कर्मचारियों को पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए एनओसी प्रदान करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की मांग रखी गई है।

सीटू के श्रमिक नेता वी. एम. मनोहर द्वारा भेजे गए पत्र में एसईसीएल पत्र का संदर्भ देते हुए बताया गया है कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 से शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अंबिकापुर में एआईसीटीई अनुमोदित बी टेक, एम टेक पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया है। यह कार्यक्रम नौकरी के साथ तकनीकी उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक कर्मचारियों के लिए महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है। पत्र के अनुसार उक्त पाठ्यक्रम एआईसीटीई के प्रावधानों एवं रिवाइज्ड गाइड लाइन 2024 के अनुरूप संचालित किया जा रहा है। इसकी कक्षाएं नियमित क्रम में ऑफलाइन आयोजित होती हैं और यह डिस्टेंस लर्निंग अथवा ओपन लर्निंग कार्यक्रम नहीं है। कक्षाएं शाम 4.05 बजे से रात 9.35 बजे तक संचालित होने के कारण कर्मचारियों की नियमित ड्यूटी के बाद अध्ययन की सुविधा उपलब्ध होती है। पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में एसईसीएल की उच्च शिक्षा संबंधी गाइडलाइन्स में मुख्य रूप से डिस्टेंस लर्निंग अथवा ओपन लर्निंग पाठ्यक्रमों का उल्लेख है। ऐसे में नवीन एआईसीटीई अनुमोदित वर्किंग प्रोफेशनल कार्यक्रम को स्पष्ट रूप से गाइडलाइन्स में शामिल नहीं किए जाने के कारण क्षेत्रीय स्तर पर गैर-कार्यकारी कर्मचारियों को एनओसी प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। इस मामले में अधिकारियों और गैर-कार्यकारी कर्मचारियों के बीच समान अवसर दिए जाने की मांग की गई है। पत्र में उल्लेख है कि इसी प्रकार के बी टेक, एम टेक पाठ्यक्रम के लिए एसईसीएल में कार्यरत अधिकारियों को एनओसी प्रदान किया जा चुका है, जबकि गैर-कार्यकारी कर्मचारियों को वर्तमान गाइडलाइन्स का हवाला देकर एनओसी नहीं दिया जा रहा है। इसे दूर करने की आवश्यकता जताई गई है।



आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों हेतु अनन्तिम मूल्यांकन पत्रक जारी

कोरबा। एकीकृत बाल विकास परियोजना कटघोरा के जनपद पंचायत क्षेत्र में आंगनबाड़ी सहायिका के 5 एवं कटघोरा निगम क्षेत्र के आंगनबाड़ी सहायिका के 2 रिक्त पदों हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे जिसकी जांच एवं परीक्षण उपरांत अनन्तिम मूल्यांकन पत्रक जारी किया गया है। मूल्यांकन पत्रक पर दावा आपत्तियां आमंत्रित की गई है । दावा आपत्तियां प्राप्त करने की तिथि 12 से 21 अक्टूबर तक निर्धारित की गई है। इच्छुक आवेदिकाएं ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से अपनी दावा आपत्तियां जमा कर सकते है। मूल्यांकन पत्रक परियोजना कार्यालय, जनपद कार्यालय तथा नगर निगम के सूचना पटल पर देखे जा सकते है। इसके अतिरिक्त संबंधित पार्षदगणों को एवं आंगनबाड़ी केन्द्र में भी मूल्यांकन पत्रक उपलब्ध कराये गये है। जिससे

खबर संक्षेप

आलू प्याज वाले से नकद, मोबाइल चोरी

बिलासपुर। आलू प्याज वाले के चबूतरे से नकद रकम व मोबाइल चोरी हो गया है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, यदुनंदन नगर निवासी रामप्रताप गुप्ता तिफरा बाजार चौक चबूतरा में आलू प्याज बेचते हैं। 7 अक्टूबर की रात 10.30 बजे चबूतरा में बैग में 15 हजार रुपए नकद, मोबाइल रखकर दुकान का सामान समेट रहे थे। सामान समेटने के बाद उन्होंने देखा तो बैग चोरी हो गया था। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



समिति अध्यक्ष से तीन युवकों ने की मारपीट

बिलासपुर। समिति के अध्यक्ष से कालोनी में किराए से रहने वाले युवकों ने गाली गलौज कर मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, रामा लाइफ सिटी निवासी व्यावसायी अजय अरोरा पिता स्व. करमचंद अरोरा कालोनी में सोसायटी मेन्टेनेस सहकारी समिति के अध्यक्ष हैं। 7 अक्टूबर की रात्रि 10.30 बजे वे खाना खाकर टहल रहे थे। इसी दौरान मकान नम्बर आर 7 के सामने वहां रहने वाले 3 किराएदार युवक उनके पास आकर पुरानी बात पर सोसाइटी में नेतागिरी करते हो कहकर बहस करने लगे, इसी दौरान गाली गलौज करते हुए एक युवक मारपीट करने लगा। जिससे वे गिर गए, उन्हें देखकर भटनागर परिवार के सदस्यों ने बीच बचाव किया और उन्हें उठाया। तीनों युवक उन्हें जान से मारने की धमकी देने लगे। श्री अरोरा थाने जाकर घटना की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

नाबालिग को भगाकर अनाचार, गिरफ्तार

बिलासपुर। नाबालिग को भगाकर अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लापता हो गई थी। पुलिस ने पतासाजी कर रायपुर में दबिश देकर नाबालिग को बरामद कर लिया गया है। पूछताछ में उसने बताया, रायपुर निवासी ठाकुर राम रात्रे पिता स्व. समेदास रात्रे 22 साल बहला फुसलाकर ले गया था और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 137, 2, 87, 64, 2, 4, 6 पाक्सों एक्ट के तहत युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

ब्लिंकिट में फूड का छापा आटा और मैगी जब्त

बिलासपुर। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने सरकंडा स्थित ब्लिंकिट स्टोर का निरीक्षण किया और आर्शीवाद आटा, मैगी आटा नूडल्स का सैंपल जब्त किया गया है। बताया जा रहा है कि सोशल मीडिया व मीडिया से मिल रही जानकारी के बाद गुरूवार को सरकंडा अशोक नगर स्थित ब्लिंकिट स्टोर में छापा मारा। इस दौरान स्टोर में साफ सफाई और स्टॉक की जांच की। साथ ही मिल रही शिकायतों के बाद आर्शीवाद आटा, मैगी आटा नूडल्स का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया है। साथ ही स्टोर संचालक को नोटिस जारी किया गया है। इस दौरान अभिहित अधिकारी आरआर देवांगन,खाद्य सुरक्षा अधिकारी अविषा मरावी, प्रतीक तिवारी व अन्य मौजूद रहे।

दशहरा पूर्व मेंटनेंस में जुटा बिजली विभाग — **सुबह 10.30 से 2.30 बजे तक रही बिजली ठप**

4 घंटे बिजली बंद, उपभोक्ता हलाकान, टार्च की रोशनी में मरीजों को मिला इलाज

kलिासपुर। बिजली बंद शहर के लोगों के लिए सिरदर्द बन चुकी है। गोल बाजार, सरजू बगीचा, मसानगंज, सिम्स चौक, जेल चौक, बृहस्पति बाजार, गोंड़पारा जैसे क्षेत्रों में बिजली बंद रही।

इस दौरान सिम्स में भी 4 घंटे से अधिक देर तक बिजली ठप रहने के कारण डाक्टरों ने टार्च की रोशनी में मरीजों का इलाज किया। वहीं आम उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। बिजली विभाग लोगों की सहूलियत को ही दरकिनार कर चुका है, जहां त्योहार आते ही घरों में काम बढ़ जाता है, वहीं बाजारों में हलचल बढ़ जाती है, लेकिन बिजली विभाग ठीक इस समय पर शेड्यूल मेंटनेंस में जुट चुका है। यही कारण है कि गुरूवार को सदर बाजार और गोल बाजार फीडर से सप्लाई ठप रही। इस दौरान सुबह 10.30 से 2.30 बजे तक बिजली बंद रहने के कारण आम उपभोक्ताओं का जीना मुहाल हो गया, वहीं सबसे ज्यादा असुविधा सिम्स में देखने को मिली। ओपीडी समय 9 से 2 बजे तक रहता है, जहां मरीजों का इलाज किया जाता है, लेकिन इस दौरान बिजली बंद होने पर डाक्टरों ने टार्च की रोशनी में मरीजों का इलाज किया हालांकि इमरजेंसी और आपरेशन थिएटर तक जनरेटर की सप्लाई रही लेकिन वार्डों में अंधेरा छाया रहा, ऐसे में मरीजों के साथ ही डाक्टर और स्टाफ को भी समस्या का सामना करना पड़ा है।



मोबाइल और टार्च की रोशनी से काम करते सिम्स के कर्मचारी।



मोबाइल की रोशनी से मरीज के स्वास्थ्य करती डॉक्टर।

आज यहां रहेगी बिजली बंद

पीजीबीटी सबस्टेशन से निकलने वाली सप्लाई शुक्रवार को ठप रहेगी। सुबह 11 से दोपहर 3.30 बजे तक इंदिरा गांधी चौक, तारबहार, यादव मोहल्ला, करबला रोड, शांति लॉज, ज्वाली नाला, वीआईपी कालोनी, पुराना बस स्टैंड, कश्यप कालोनी, गोलबाजार, लिंक रोड सहित अन्य स्थानों में सप्लाई बंद रहेगी।

32 लाख रूपए दिए फिर भी सोलर नहीं

खास बात यह है कि सिम्स प्रबंधन ने पूरे परिसर को सोलर से जोड़ने का प्रयास किया है, प्रबंधन ने क्रेडा विभाग विभाग के प्रस्ताव पर 32 लाख रूपए दे चुका है,लेकिन टेंडर प्रक्रिया में उलझे क्रेडा विभाग द्वारा अबतक सोलर सिस्टम को शुरू नहीं कराया जा सका है, ऐसे में बिजली बंद होते ही मरीजों को अंधेरे में रहना पड़ रहा है।

कुछ हिस्से को बंद करना पड़ता है

हमारे ज्यादातर हिस्सों में जनरेटर की सप्लाई है, लेकिन अधिक देर तक बिजली बंद होने पर कुछ हिस्से को बंद करना पड़ जाता है, इमरजेंसी और आपरेशन थिएटर में पूरी सप्लाई है। कुछ ओपीडी और वार्ड में अलग से सप्लाई दी जाएगी। सोलर सिस्टम के लिए क्रेडा को भुगतान किया जा चुका है लेकिन अबतक उपकरण नहीं लगाए गए हैं।

-**डॉ लखन सिंह,** अधीक्षक, सिम्स

बंद की गई थी बिजली

मेंटनेंस के लिए बिजली बंद की गई थी, लेकिन काम के दौरान सिम्स के पीछे तार टूट गया था, जिसके चलते सप्लाई शुरू होने में समय लगाया है।

-**प्रीता एक्का,** एई, बिजली विभाग

शहर के सौंदर्यीकरण में कबाड़ी दुकान बनी नासूर, प्रशासन मौन

पुराना बस स्टैण्ड के सामने ट्रांसपोर्ट वालों का कब्जा, कतार से खड़े हो रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुराना बस स्टैण्ड में अवैध कबाड़ी दुकान को जमीदोंज कर लाखों रुपए खर्च कर गार्डन बनाया गया है। आलम यह है कि गार्डन के पीछे में कबाड़ी ने ठेला लगाकर पीछे भारी भरकम गोदाम बना लिया है। आसपास एरिया में कबाड़ी के सामानों का ढेर लगा रहता है। वहीं गार्डन के सामने ट्रांसपोर्ट वाले कब्जा कर कतार से गाड़ी खड़ा कर रहे हैं। निगम अधिकारी हाथ पर हाथ रख तमाशा देख रहे हैं।

पिछले कई सालों से पुराना बस स्टैण्ड चौक सूर्या होटल के बाजू में अवैध कबाड़ी दुकान संचालित हो रही थी। नगर निगम के द्वारा कबाड़ी दुकान को जमींदोज कर दिया गया था। उसके बाद निगम ने सूर्या होटल के बाजू से शिव टाकीज रोड पर लाखों रुपए खर्च कर सड़क किनारे शानदार गार्डन बनाया गया है, ताकि मार्केट जाने वाले लोग शहर के अंदर गार्डन का आनंद ले सकें, लेकिन निगम की अनदेखी के चलते गार्डन के पीछे उक्त कबाड़ी ने फिर ठेला लगाकर कबाड़ी दुकान खोल लिया है और पीछे बड़ा सा गोदाम बना लिया है। गार्डन के आसपास कबाड़ के ढेर अस्त व्यस्त पड़े रहते हैं और नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। गार्डन के पीछे कबाड़ी दुकान गोदाम होने से सौंदर्यीकरण पर ग्रहण लगा रहा है।





ट्रांसपोर्टर ने भी किया कब्जा

शहर को सुन्दर बनाने लाखों रुपए खर्च कर गार्डन बनाया गया है। एक ट्रांसपोर्टर ने गार्डन के सामने सड़क पर कब्जा कर लिया है, यहां कतार से छोटे, बड़े मालवाहक खड़े हो रहे हैं। 24 घण्टे गार्डन के सामने गाड़ियां खड़ी रहती हैं। गाड़ी खड़े होने से गार्डन नजर नहीं आता है। इसी तरह गाड़ियों के बाद ठेला गुमटी वाले कब्जा कर रहे हैं। इससे उक्त मार्ग संकरा हो गया है और लोगों को आवागमन करने में परेशानी हो रही है।

दो कबाड़ी दुकान में मिले 20 टन गाड़ियों को पार्ट्स

दो कबाड़ी दुकानों में पुलिस ने दबिश देकर 20 टन गाड़ियों के पार्ट्स जब्त किए हैं। पुलिस पार्ट्स के संबंध में पतासाजी कर रही है। चकरभाठा पुलिस को सूचना मिली परसदा स्थित मुस्तकीन खान व निसार हुसैन की कबाड़ी दुकान में भारी मात्रा में गाड़ियों के पार्ट्स रखे हैं। पुलिस ने दोनों कबाड़ी दुकानों में दबिश देकर गाड़ियों के अलग अलग पार्ट्स, छोटा हाथी का ढांचा, हाइवा, बस के पार्ट्स जब्त किया है। वहीं रायपुर निवासी अवधेश कुमार शर्मा की गाड़ी को जब्त किया गया है। उक्त गाड़ी में गाड़ी पार्ट्स भरे हुए मिले थे। पुलिस ने धारा 106 के तहत कबाड़ सामान सहित गाड़ी जब्त कर लिया है। पुलिस जब्त गाड़ी के पार्ट्स के संबंध में पतासाजी कर रही है कि कहीं उक्त पार्ट्स चोरी गई बाइक की तो नहीं है। कबाड़ियों ने गाड़ी पार्ट्स के खरीदी का बिल पेश कर दिया है। बताया जाता है कबाड़ी दुकानों बेखौफ चोरी के वाहनों का काटकर पार्ट्स अलग अलग कर खपाया जा रहा है।

कहां है ट्रैफिक अमला

खरीदी करने जाने वाले दुकानों के सामने पीली लाइन के बाहर वाहन खड़ा कर देते हैं तो ट्रैफिक अमला मौके पर पहुंच जाता है और गाड़ी लिफ्ट कर यातायात थाने ले जाया जाता है। किन्तु पुराना बस स्टैण्ड से शिव टाकीज रोड में कतार से नोपार्किंग में कतार से गाड़ियां खड़ी हो रही हैं। उक्त वाहनों पर कार्रवाई करने अमले के हाथ कांप रहे हैं। जबकि पुराना बस स्टैण्ड में सुबह से देर रात ट्रैफिक पुलिस वाले हनुमंदिर के बाजू में खड़े होकर दोपहिया वाहनों को रोककर लोगों को परेशान करते रहते हैं।

कार्रवाई की जाएगी

गार्डन के सामने नोपार्किंग पर खड़े होने वाले वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी। नो पार्किंग में खड़े हाने वाले वाहनों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

-**रामगोपाल करियारे,** ट्रैफिक एडीशनल एसपी

पहले हटाया गया था

पहले शिकायत मिलने पर गार्डन के सामने से कबाड़ी दुकान को हटाया गया। दुकान खोली गई है तो फिर से हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

-**खजांची कुम्हार,** अपर आयुक्त नगर निगम

15 करोड़ रुपए ठगाने के बाद आखिरकार अब लोन देना बंद

गिनती के कर्मचारी शेष, वह भी दिन भर खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छोटे-मोटे व्यवसाय प्रारंभ करने से लेकर बस तक की खरीदारी के लिए लोन उपलब्ध कराने वाले जिला अंत्यावसायी विभाग ने आखिरकार 15 करोड़ लुटाने-ठगाने के बाद अब लोन बांटना बंद कर दिया है। वर्ष 2021 तक लोन मांगने वालों से खचाखच भरा रहने वाला यह विभाग अब खुद अपना वजूद बरकरार रखने के लिए भी तरस रहा है। सीईओ को मिलाकर केवल तीन कर्मचारी यहां शेष रह गए हैं, और वे पूरी तरह खाली हैं।

- जिला अंत्यावसायी विभाग का हाल

किसी जमाने में बेरोजगारों व लोन चाहने वाले हितग्राहियों से खचाखच भरा रहने वाला जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित नामक विभाग अब अपने खुद के वजूद को जिंदा रचाने की लड़ाई लड़ रहा है। पुराने कंपोजिट बिल्डिंग में संचालित कार्यालय में गिनती के तीन लोग पदस्थ हैं, जिनमें सीईओ स्वयं, एक क्लर्क और तीसरे कर्मचारी के रूप में एक चपरासी पदस्थ है। विभाग के अनुसार वर्ष 2021-22 की अवधि तक यहां से लोन जारी किया जाता रहा है, लेकिन उसके बाद से लोन जारी होना बंद कर दिया गया है। इस कार्यालय से हितग्राहियों को न्यूनतम 25 हजार रूपए से लेकर मिनी बस संचालन के लिए अधिकतम 9 लाख रूपए तक का लोन प्रदान किया गया है। वर्तमान में जिला स्तर पर ही विभाग के करीब पंद्रह करोड़ रूपए हितग्राहियों के पास फंसे हैं, जिनसे पैसे की वापसी होनी है। विभाग के अनुसार राशि की वापसी के लिए कवायद करनी पड़ रही है। इसके अंतर्गत कई मामलों में आरसीसी जारी है व कुछ मामले कोर्ट में भी चल रहे हैं।

विभाग द्वारा अपने स्तर पर अपना वजूद कायम रखने का लगातार प्रयास किया जाता रहा है, जिसके लिए शासन को लगातार पत्र भेजा जाता रहा है, लेकिन फिलहाल कोई उल्लेखनीय सफलता नहीं मिल सकी है।

ट्रायबल विभाग में मर्ज करने की कवायद

अंत्यावसायी विभाग में पदस्थ प्रदेश भर के कर्मचारियों व अधिकारियों ने दो साल पहले मुख्यालय स्तर पर विभाग को ट्रायबल विभाग में मर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था। इसके बाद प्रदेश स्तर से जिलावार विभागीय संपत्तियों का विस्तृत विवरण तैयार कर मांगा भी गया था, लेकिन वर्तमान में इस प्रक्रिया में फिलहाल कोई प्रगति नहीं है।

विभागीय कामकाज लगभग बंद है

विभाग से लोन बांटने का काम लगभग चार साल से बंद है। ऑफिस में अधिकारी-कर्मचारी मिलाकर केवल तीन लोग ही पदस्थ हैं। विभागीय कामकाज भी लगभग पूरी तरह से बंद है।

-**लक्ष्मी प्रसाद कश्यप,** सीईओ जिला अंत्यावसायी विभाग

रायगढ़ व मुंगेली में पेट्रोल पंप चला रहा विभाग

जिला अंत्यावसायी विभाग रायगढ़ एवं मुंगेली के द्वारा अपना पेट्रोल पंप संचालित कर न केवल अपना वजूद जिंदा रखा गया है, बल्कि अपने व आसपास के कई जिलों में पदस्थ कर्मचारियों के वेतन भुगतान का जिम्मा भी उठा रखा है। बिलासपुर जिले में भी पेट्रोल पंप स्थापना के लिए विगत लंबे समय से शासकीय भूमि की तलाश की जा रही थी, लेकिन फिलहाल व्यवस्था नहीं हो सकी है।

गरबा ड्रेस में लड़कियों का पिस्टल रखे व सिगरेट की धुंआ उड़ाते रील वायरल, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गरबा ड्रेस में लड़कियों की पिस्टल रखे व सिगरेट पीकर धुंआ उड़ाते और बाइक में लड़कों के साथ रील बनाकर सोशल मीडिया में वायरल किया गया है।

- 5 लड़की 5 लडके हिरासत में पूछताछ जारी

हिंदू संगठन ने एसएसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई। उसके बाद पुलिस हरकत में आई और 5 लड़की व 5 लड़के को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। गुरूवार को सोशल मीडिया में कुछ लड़कियों व लड़कों के ग्रुप की रील वायरल हो रही है। जिससे कुछ लड़की गरबा के ड्रेस में पिस्टल रखी हुई और सिगरेट का धुंआ उड़ाते बाइक सवार पांच युवकों को रोकते हुए नजर आ रही हैं। हिन्दू संगठन के सदस्यों ने एसएसपी रजनेश सिंह से जारी रील पर इसे गरबा और हिंदू त्यौहार की छवि से जोड़ते हुए आपत्ति जताते हुए कार्रवाई की मांग की गई। रील किसी नेशनल हाइवे में ओवरब्रिज के पास बनाई गई है।

वीडियो शिफा मैथ्यूज नाम के सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट किया गया है। एसएसपी श्री सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एएसपी पंकज कुमार पटेल को कार्रवाई करने का निर्देश दिया । वीडियो का अवलोकन करने के बाद पुलिस ने सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से 5 लड़कियों व 5 लड़कों की पतासाजी कर पकड़ लिया है। सभी को सिविल लाइन थाने में लाकर पूछताछ की जा रही है। एएसपी पंकज पटेल ने कहा वीडियो के आधार पर लड़कियों व लड़के को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आगे वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।





सोशल मीडिया में चाकू तलवार पिस्टल के साथ बदमाश का फोटो वायरल

बिलासपर। सोशल मीडिया में एक बदमाश युवक ने दहशतगर्दी मचाने अलग अलग पोज में चाकू, तलवार, पिस्टल के साथ फोटो वायरल किया है। पुलिस युवक की पतासाजी में जुट गई है। 8 अक्टूबर को सोशल मीडिया में एक बदमाश युवक का चाकू, तलवार, पिस्टल रखकर अलग अलग पोज में फोटो वायरल किया गया है। बताया जा रहा है फोटो में नजर आने वाले बदमाश कुदूदण्ड क्षेत्र का रहने वाला है। उसने क्षेत्र में अपना खौफ बनाने के लिए हथियारों के साथ फोटो सोशल मीडिया में अपलोड किया है।

ज्ञात हो कि बदमाश युवक इस से अपनी दहशतगर्दी बरकरार रखने के लिए हथियारों के साथ फोटो सोशल मीडिया में अपलोड कर रहे हैं। हालांकि पुलिस लगातार ऐसे बदमाशों की पहचान करने के बाद सख्ती से कार्रवाई कर रही है। एडीशनल एसपी पंकज पटेल ने कहा युवक की पहचान कार्रवाई कराई जा रही है। शीघ्र उसे गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।





हटिया से एलटीटी के बीच तीन-तीन फेरे लगाएगी स्पेशल ट्रेन 12 से

बिलासपुर। रेलवे ने नवरात्रि पर्व के अवसर पर एक और पूजा स्पेशल ट्रेन हटिया से एलटीटी के बीच चलाने नोटिफिकेशन जारी किया है, जिसका परिचालन 12 अक्टूबर से तीन-तीन फेरे के लिए किया जाएगा।

यात्रियों की भीड़ को कम करने और तीर्थ स्थल तक जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेलवे बोर्ड की ओर से सभी रेलवे के लिए 100 से अधिक स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा तो कर दी थी, लेकिन यह आदेश बिलासपुर जोन मुख्यालय तक नहीं पहुंच सका था। स्पेशल ट्रेन की घोषणा नहीं होने के कारण सभी एक्सप्रेस ट्रेनो के स्लीपर कोच में वेटिंग का आंकड़ा 100 से अधिक और एसी थर्ड में वेटिंग 57 से अधिक होने से कंफर्म बर्थ की मुश्किल हो रही थी। रेल प्रशासन ने यात्रियों की परेशानियों को देखते हुए कुछ दिन पहले एक स्पेशल ट्रेन एलटीटी से सांतरागाछी के बीच चार फेरे के लिए परिचालन करने का आदेश जारी किया था।

जुआ खेलते 11 आरोपी गिरफ्तार 50 हजार नकद बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



ग्राम कोटगढ़ और बाना में दबिश देकर काटपत्ती नामक जुआ खेल रहे 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 50 हजार 300 रुपए नगद, 52 पत्ती ताश एवं बोरा-फट्टी बरामद की है। कार्रवाई में तीन अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए।

पुलिस के अनुसार 7 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के कोटगढ़ एवं बाना में कुछ लोग सार्वजनिक स्थान पर काटपत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम गठित कर तत्काल दबिश दी गई। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दिलीप टंडन, राजकुमार मिरी, श्याम कार्तिक, अजय कंवट, कुश कुमार अंचल, अमरकांत कुर्रे, शिव कुमार, सोमू भारती, मनीराम साण्डे, विवेकी मिरी एवं बाली कुमार कंवर को जुआ खेलते पकड़ा। सभी आरोपी थाना अकलतरा क्षेत्र के ग्राम कोटगढ़ एवं बाना के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में अकलतरा पुलिस स्टाफ का योगदान रहा।

अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई, छह वाहन जब्त

सक्ती। सक्ती जिले में अवैध रेत और गिट्टी परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग ने शिकंजा कस दिया है। विभागीय उड़नदस्ते ने अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए रेत परिवहन के पांच और गिट्टी परिवहन के एक मामले में हाइवा व ट्रैक्टर समेत कुल छह वाहन जब्त किए हैं। जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है।

कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन के निर्देशन में खनिज विभाग के उड़नदस्ते ने अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए रेत और गिट्टी के अवैध परिवहन में लगे छह वाहनों को जब्त किया है। खनिज निरीक्षक टुमेश कुमार ध्रुव के नेतृत्व में खनिज विभाग के उड़नदस्ते ने ग्राम मसनियाकला क्षेत्र में रेत के अवैध परिवहन के तीन प्रकरण पकड़े। 6 अक्टूबर को बाराद्वार नगर क्षेत्र में रेत के अवैध परिवहन के दो प्रकरण तथा चंद्रपुर नगर क्षेत्र में गिट्टी के अवैध परिवहन का एक प्रकरण सामने आया। कार्रवाई के दौरान जब्त किए गए वाहनों में हाइवा और ट्रैक्टर शामिल हैं। वाहनों को सुरक्षित अभिरक्षा के लिए सक्ती स्थित अभिरक्षा केंद्र, थाना बाराद्वार और थाना चंद्रपुर में रखा गया है।



जब्त कफ सिरप, इंजेक्शन टेबलेट पर चला बुलडोजर

बिलासपुर। जिले के थानों में जब्त 1 हजार 98 कफ सिरप, 9 हजार 641 इंजेक्शन, 11 हजार 610 टेबलेट पर बुलडोजर चलाकर व गांजा को भट्ठी में जलाकर नष्ट किया गया है।

जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल समिति के अध्यक्ष एसएसपी रजनेश सिंह की उपस्थिति में कोनी मोहतरा स्थित सुधा बायो पावर प्रा. लि. स्थित भट्ठी में 61 प्रकरण में जब्त 302. 642 किलो गांजा, 1989 नग कफ सिरप, 2.9 ग्राम ब्राउन शुगर, 9 हजार 641 नग प्रतिबंधित इंजेक्शन, 9.38 ग्राम चरस, 248 नग कैप्सूल, 11 हजार 610 नग टेबलेट को जलाकर व रोलर के माध्यम से नष्ट किया गया है। इस दौरान समिति के सदस्य एडीशनल एसपी पंकज पटेल, सहायक आबकारी आयुक्त नवनीत तिवारी, क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी उपस्थित थे। पुलिस के द्वारा मादक पदार्थों के अवैध करोबार एवं नशे के विरूद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई जा रही है। जब्त मादक पदार्थों का नियमानुसार नष्टीकरण कर उनके पुनः दुरूपयोग की संभावना को समाप्त किया जा रहा है।

खबर संक्षेप

स्व. सुरेन्द्र दुबे एवं विनोद शुक्ल की स्मृति में लाइब्रेरी ऑन व्हील का शुभारंभ कल

कोरबा। शिक्षा एवं ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से लाइब्रेरी ऑन व्हील का शुभारंभ निहारिका स्थित स्मृति उद्यान के समीप 10 अक्टूबर को बतौर मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में किया जाएगा। यह अभिनव पहल स्व. सुरेंद्र दुबे एवं स्व. विनोद शुक्ल की पावन स्मृति को समर्पित है। निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के द्वारा कबाड़ बस को नया रूप देने का आईडिया के तहत कोरबा नगर निगम ने कबाड़ से कमाल प्रोजेक्ट के तहत कबाड़ सिटी बस को लाईब्रेरी का रूप दिया। इस अभिनव पहल को महापौर संजूदेवी राजपूत ने आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की पहल की सराहना की तथा नगर निगम अभी इसे एक पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में तैयार किया है, लाईब्रेरी ऑन व्हील्स और जल्दी ही शहर के अन्य स्थानों पर इस तरह से कार्य करने पर विचार किया जाएगा। लाइब्रेरी ऑन व्हील के माध्यम से विद्यार्थियों, युवाओं एवं आमनागरिकों तक पुस्तकें एवं अध्ययन की सुविधाएँ पहुँचाने का प्रयास किया जाएगा। वाहन पुस्तकालय में अध्ययन एवं पठन-पाठन के लिए आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे अधिक से अधिक लोगों को ज्ञान एवं शिक्षा से जोड़ा जा सके।

सहायक शिक्षक लिखित परीक्षा 11 को

कोरबा। छग कर्मचारी चयन मंडल रायपुर द्वारा आयोजित सहायक शिक्षक लिखित परीक्षा 11अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.15 तक जिले के 7 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होगी जिसमें 2 हजार 132 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सफल संचालन हेतु व्यापम के निर्देषों के तहत सभी आब्जर्वर, केन्द्राध्यक्ष एवं उड़नदस्ता दल को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया है। ब्रिफिंग हेतु बैठक 9 अक्टूबर को समस्त प्रशासनिक पर्यवेक्षकों की 9 अक्टूबर को शासकीय ईवीपीजी महाविद्यालय रजगामार रोड कोरबा में प्रातः 11 बजे ब्रिफिंग हेतु बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक में सभी आब्जर्वर, रिजर्व आब्जर्वर, केंद्राध्यक्षों, उड़ददस्ता दल को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिये गये हैं। परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक निर्देश-संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी ने बताया कि परीक्षार्थियों के लिये निर्देश जारी किया गया है कि परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.15 तक आयोजित होगी। परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व प्रातः 09.30 बजे बंद कर दिया जायेगा। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचेंगें ताकि सभी अभ्यर्थिओं का मेटल डिटेक्टर तथा फ्रिस्किंग जांच किया जा सके।

कोयला वाहनों के संचालन को लेकर उप क्षेत्रीय प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन



कोरबा। जन चिंतक मंच ने रजगामार में चल रहे कोयला से भरे वाहनों के यातायात के समय पर चिंता जताते हुए एसईसीएल को प्रदेश कोषाध्यक्ष यशवंत कुमार ने संगठन के ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि रजगामार मुख्य मार्ग पर दिन-रात किसी भी समय अनियंत्रित रूप से चलने वाले भारी कोयला वाहनों के कारण आम नागरिकों एवं राहगीरों को हो रही परेशानियों को लेकर जन चिंतक मंच द्वारा उप क्षेत्रीय प्रबंधक, रजगामार कोलियरी, जिला कोरबा को पत्र सौंपकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है। जन चिंतक मंच ने अपने पत्र के माध्यम से बताया कि रजगामार मुख्य मार्ग पर कोयला परिवहन करने वाले भारी वाहनों के संचालन का कोई निश्चित समय निर्धारित नहीं होने के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। लगातार भारी वाहनों के आवागमन से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है तथा सड़क पर धूल एवं प्रदूषण की समस्या के कारण आसपास के रहवासियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंच ने मांग की है कि रजगामार मुख्य मार्ग पर कोयला वाहनों के संचालन की उचित व्यवस्था एवं समय निर्धारित किया जाए तथा रात्रि 9:00 बजे के पश्चात ही कोयला वाहनों का आवागमन शुरू किया जाए। साथ ही वाहनों द्वारा यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने की भी मांग की गई है। ज्ञापन सौंपते वक्त अरुण कुमार सरकार, विनोद कुमार केवट, दिनेश कुमार कुर्रे, ओमप्रकाश सोनी, देव राजपूत, रमेश कुमार कर्स आदि जन चिंतक मंच के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सक्ती पहुंचेगा कौशल रथ, युवाओं को मिलेगी एआई और आधुनिक कौशल की जानकारी

सक्ती। शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के क्षेत्र में कार्यरत संस्था आईसेक्ट द्वारा 'समर्थ भारत-सक्षम भारत' अभियान के अंतर्गत कौशल विकास यात्रा-2026 का आयोजन किया जा रहा है। देशव्यापी यह यात्रा 9 अक्टूबर को सक्ती पहुंचेगी। इस दौरान स्थानीय कॉलेजों एवं शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), आधुनिक तकनीक और रोजगारपरक कौशल के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। यह यात्रा 5 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलेगी। इसके माध्यम से देश के 20 राज्यों के 300 जिलों, 500 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों और 1 हजार से अधिक आईसेक्ट केंद्रों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है।

सेवा संकल्प अभियान

जन-जन तक पहुंचने की शासन की महत्वपूर्ण योजना है सेवा सेतु अभियान : संजू देवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान करती महापौर व अन्य।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने सेवा संकल्प अभियान-अंतर्गत सेवा हेतु अभियान-सरकार आपके द्वार शिविर को संबोधित करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश में आयोजित हो रहे सेवा सेतु अभियान का यह आयोजन जन-जन तक पहुंचने एवं उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने की शासन की अतिमहत्वपूर्ण योजना है। उन्होने आमनागरिकों से अपील करते हुये कहा कि वे इन शिविरों में पहुंचकर अपनी शिकायतों व समस्याओं को रखें तथा उनका त्वरित समाधान पाते हुये शासन की इस जनहितैषी योजना का लाभ उठायें।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ जिले एवं नगर निगम क्षेत्र में भी सेवा संकल्प अभियान-अंतर्गत सेवा हेतु अभियान-सरकार आपके द्वार शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। निगम क्षेत्र में पहला शिविर विगत 3 अक्टूबर को टी.पी.नगर जोन कार्यालय में एवं दूसरा शिविर 6 अक्टूबर को कोरबा जोन कार्यालय में आयोजित हुआ था, वहीं इस कड़ी में निगम के कोसाबाड़ी जोन कार्यालय परिसर में सेवा संकल्प अभियान-अंतर्गत सेवा हेतु अभियान-सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने शिविर को संबोधित करते हुये कहा कि हम सबने यह देखा है कि विगत ढाई वर्ष के दौरान नगर निगम ने अनेकों उपलब्धियां अर्जित की हैं, यह सब निश्चित रूप से केन्द्र व राज्य सरकार के कारण संभव हुआ है। उन्होने कहा कि नगर निगम अपने मूलभूत दायित्वों से आगे बढ़कर खेलकूद, विरासत संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण तथा शहर के सर्वांगीण विकास पर व्यापक रूप से कार्य कर रहा है, परिणाम स्वरूप प्रदेश में कोरबा की विशिष्ट पहचान बनी है। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन मनाया गया, तो उन्होने कहा कि मेरा जन्मदिन आमनगारिकों की सेवा के रूप में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाकर जन-जन तक सेवा करने हेतु राज्य सरकार से लेकर जिला प्रशासन से लेकर नगर निगम तथा गांव-गांव तक सेवा करने का मौका मिला है। आज उनके द्वारा छोटे-छोटे गरीब आदमी का ऊपर उठाने के लिये पीएम स्वनिधि के तहत स्वरोजगार की व्यवसाय हेतु ऋण प्रदान किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब परिवारों को उनका असियाना दिया गया तथा महिलाओं को महतारी योजना के तहत प्रतिमाह 1000-1000 रूपये की राशि प्रदान की जा रहा है।

आयुक्त ने प्रस्तुत किया विकास कार्यों का प्रतिवेदन

इस अवसर पर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने सेवा संकल्प अभियान-अंतर्गत सेवा हेतु अभियान-सरकार आपके द्वार शिविर के दौरान निगम के कोसाबाड़ी जोन की उपलब्धियों व विकास कार्यों पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुये कहा कि कोसाबाड़ी जोन एवं सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्र का एक सुनियोजित कार्ययोजना के तहत विकास किया जा रहा है। उन्होने बताया कि कोसाबाड़ी जोन के 89 करोड़ रूपये के 154 कार्यों में से 83 कार्य प्रगतिरत है बांकी शेष कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं, इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 874 मकानों का कार्य प्रगतिरत है तथा आवास योजना के हितग्राहियों को यह बताना लाजमी होगा कि वे अपने आवास का कार्य शीघ्र से शीघ्र पूर्ण कर लेवें, जिससे उन्हें मुख्यमंत्री गृहप्रवेश योजना के तहत मिलने वाले लाभ को प्राप्त कर सके, इस हेतु नगर निगम के संबंधित अधिकारी कर्मचारी प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से घर-घर जाकर संपर्क कर आवास को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु प्रयासरत है।

सजी योजनाओं की रंगोली, महिला सशक्तिकरण का दिया संदेश



योजनाओं से प्रोत्साहित करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाली

सेवा संकल्प अभियान के तहत जनपद पंचायत कार्यालय पाली में अनूठे अंदाज में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यालय परिसर में केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की थीम पर आधारित आकर्षक रंगोलियां बनाई गईं।

रंगोली के माध्यम से 'एक पेड़ मां के नाम', 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ', 'विकसित भारत', 'महिला सशक्तिकरण' जैसे महत्वपूर्ण विषयों को बड़ी ही खूबसूरती से उकेरा गया, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता को इन योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर संगठन प्रतिनिधि के रूप में भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं नगर पंचायत पाली की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती संजू जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष अजय जायसवाल, पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती श्यामा पांडे, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद श्रीमती दीप्ति दीपक शर्मा, महिला मोर्चा महामंत्री श्रीमती नंदनी जायसवाल, महिला मोर्चा कार्यालय प्रभारी पल्लवी जायसवाल, जनपद पंचायत सीईओ मोहनीश आनंद देवांगन सहित बड़ी संख्या में स्व सहायता समूह की बहनें, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

अग्रवाल सभा के बाल मेले में उमड़ा उत्साह डांडिया की थाप पर झूमीं अग्र महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रम में शामिल समाज की प्रतिभागी महिलाएं।

अग्रवाल सभा द्वारा समाज के महाराजा अग्रसेन जयंती के खेल महाकुम्भ में अयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में श्री अग्रसेन नवयुवक मंच के द्वारा बाल मेला व अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा डांडिया प्रतियोगिता अयोजन किया गया।

बाल मेला के अंतर्गत श्री अग्रसेन नवयुवक मंच के संयोजन में बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में बच्चों के मनोरंजन, खेलकूद और खान-पान के साथ विभिन्न आकर्षक गतिविधियों की व्यवस्था की गई, जिसने बच्चों सहित अग्रबंधुओं और परिवारों का मन मोह लिया। मेले में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। बाल मेले का प्रमुख आकर्षण जादू का मनमोहक शो रहा। जादूगर ने अपने हैरतअंगेज करतबों और अनोखे जादुई प्रयोगों से बच्चों को खूब रोमांचित किया। जादू के विभिन्न प्रदर्शन देखकर बच्चे आश्चर्यचकित नजर आए और तालियों के साथ अपनी खुशी जाहिर की। जादू के शो ने मेले में उपस्थित लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। मेले में अग्रबंधुओं द्वारा विभिन्न प्रकार के मनोरंजक गेम्स के स्टॉल लगाए गए थे, जहां बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेलों के माध्यम से बच्चों को मनोरंजन के साथ अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। विभिन्न गेम्स में भाग लेते हुए बच्चों के चेहरे पर उत्साह और खुशी साफ झलक रही थी।

अग्रवाल महिला मंडल के संयोजन में माता शक्ति की उपासना को समर्पित डांडिया प्रतियोगिता का आयोजन श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में किया गया। नवरात्रि के भक्तिमय वातावरण में आयोजित इस प्रतियोगिता में अग्र महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर शामिल हुईं। रंग-बिरंगे परिधानों, आकर्षक श्रृंगार और डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियों ने पूरे आयोजन को उत्सवमय बना दिया। प्रतियोगिता के दौरान नवरात्रि की सांस्कृतिक परंपराओं की सुंदर झलक देखने को मिली। महिलाओं ने डांडिया नृत्य के माध्यम से भक्ति, उल्लास और सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया। पारंपरिक परिधानों में सजी प्रतिभागियों की आकर्षक उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। आयोजन स्थल पर उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा और प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों की खूब सराहना प्राप्त की। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल सचिव शिवकुमार अग्रवाल व अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

म्यूजिकल हौजी में बिंदिया रहीं विजेता महिलाओं व बच्चों ने लगाए लजीज व्यंजनों के स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



स्टाल के साथ अग्रवाल समाज की प्रतिभागी।

अग्रसेन जयंती के पूर्व अग्रवाल नवयुवक मंडल एवं अग्रवाल महिला मंडल कटघोरा के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को अग्रसेन भवन के प्रांगण में म्यूजिकल हौजी एवं आनंद मेले का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन में समाज के महिला, पुरुषों एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान अग्रसेन भवन का प्रांगण उत्साह, उमंग और उल्लास से सराबोर नजर आया।

आनंद मेले में महिलाओं एवं बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट एवं आकर्षक व्यंजनों के स्टॉल व गेम के स्टाल लगाए गए। स्टॉलों पर तरह-तरह के व्यंजनों का स्वाद लेने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। प्रतिभागियों ने अपनी पाक-कला एवं रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन करते हुए एक से बढ़कर एक व्यंजन प्रस्तुत किए। वहीं म्यूजिकल हौजी प्रतियोगिता ने कार्यक्रम में खास रंग भर दिया। संगीत और मनोरंजन के बीच प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ हौजी में भाग लिया। रोमांचक मुकाबले के बाद श्रीमती बिंदिया अग्रवाल पति श्री मनदीप अग्रवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। आयोजकों ने बताया कि अग्रसेन जयंती के अवसर पर समाज में आपसी मेल-जोल, एकता और भाईचारे की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आनंद मेले एवं म्यूजिकल हौजी में समाज के लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अग्रवाल नवयुवक मंडल एवं अग्रवाल महिला मंडल कटघोरा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आयोजन के दौरान उपस्थित समाजजनों ने कार्यक्रम की भव्यता और व्यवस्थाओं की सराहना की।

लायंस क्लब कटघोरा-छुरी ने मरीजों का जाना हाल, किया फल वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



मरीज का हालचाल जानते क्लब के सदस्य।

लायंस क्लब कटघोरा-छुरी के द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह के अंतिम दिन 8 अक्टूबर को सेवा एवं मानवता की भावना को समर्पित कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल की अध्यक्षता में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा में भर्ती सभी मरीजों को फल केला, सेव, जूस, बिस्किट वितरित किए गए। इस दौरान क्लब पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मरीजों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य का हाल जाना तथा शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

कार्यक्रम में रीजन पीआरओ अजय धनोंदिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि लायंस क्लब का मूल उद्देश्य समाज के जरूरतमंद एवं पीड़ित लोगों की सेवा करना है। अस्पताल में भर्ती मरीजों के बीच पहुंचकर उन्हें फल प्रदान करना केवल एक सेवा कार्य नहीं, बल्कि उनके प्रति संवेदना, अपनत्व और मानवीय सरोकार का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सेवा सप्ताह के माध्यम से क्लब द्वारा विभिन्न सेवा गतिविधियां संचालित की गईं, जिनका उद्देश्य समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करना है। क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा कि लायंस क्लब कटघोरा-छुरी सदैव सामाजिक एवं जनसेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में उपचार करा रहे मरीजों को फल वितरित कर उन्हें स्वास्थ्य लाभ के साथ यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि समाज उनके साथ खड़ा है। उन्होंने क्लब के सभी सदस्यों एवं सहयोगियों का सेवा सप्ताह के सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए। मरीजों एवं उनके परिजनों ने लायंस क्लब के इस सेवा भाव की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल परिसर में सेवा, सहयोग और मानवीय संवेदना का वातावरण देखने को मिला। लायंस क्लब कटघोरा-छुरी द्वारा सेवा सप्ताह के अंतिम दिन आयोजित यह फल वितरण कार्यक्रम समाजसेवा की उस भावना को प्रतिबिंबित करता है, जिसमें जरूरतमंदों की सहायता को ही सबसे बड़ी सेवा माना गया है। क्लब ने भविष्य में भी इसी तरह के जनहित एवं सेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।इस अवसर पर रीजन पी असर ओ व क्लब संरक्षक अजय धनोंदिया क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सचिव नरेंद्र अग्रवाल, राजूदास दीवान, विशेष मित्तल, सुधीर पाण्डेय सहित हॉस्पिटल परिसर के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे

शपथ-पत्र

मैं चंद्रेश कुमार कश्यप उम्र 50 वर्ष पिता श्री देव प्रसाद कश्यप निवासी-बरपाली, तहसील-भैसमा, जिला-कोरबा (छ.ग.) का होकर शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं :-

01. यह कि, मैं उक्त पते पर निवासरत हूं तथा मेरा आधार नंबर 6162 9316 4854 है।

02. यह कि, मेरे नाम से पूर्व में जारी आधार कार्ड में मेरा नाम चंद्रेश कश्यप दर्ज रहा है, जिसे मेरे द्वारा संशोधन कराकर अपना नाम चंद्रेश कुमार कश्यप दर्ज करा लिया गया है।

03. यह कि, संशोधन उपरांत जारी आधार कार्ड में मेरा नाम चंद्रेश कुमार कश्यप है जो कि मेरा वास्तविक एवं सही नाम है। मेरे उक्त नाम चंद्रेश कुमार कश्यप के संबंध में किसी प्रकार का दावा आपत्ति होने पर जवाबदारी मेरे स्वयं की होगी।

04. यह कि, यह शपथ पत्र उक्ताशय के संबंध में निष्पादित किया गया है, जिसे संबंधित कार्यालय / विभाग में प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता
चंद्रेश कुमार कश्यप

न्यायालय तहसीलदार कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

//ईश्तहार//

रा.प्र.क. 202610050700002
अ-6/2026-27
ग्राम कटघोरा, प.ह.नं. 10
तहसील-कटघोरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि-आवेदक शंकर लाल कुर्रे पिता परसादी लाल कुर्रे, जाति-सतनामी, निवासी वार्ड क्र. 03 पुरानी बस्ती कटघोरा, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम कटघोरा, प.ह.नं. 10, तहसील- कटघोरा स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 1230/2, 1384 एवं 1470/4 रकबा क्रमशः 0.166, 0.263 एवं 0.235 हे. भूमि जो वर्तमान राजस्व अभिलेख में शंकर लाल पिता परसादी लाल, जाति-सतनामी, के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है। जिसमें आवेदक द्वारा छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 164 (2) के तहत अपने जीवनकाल में अपने विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 22/10/2026 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

तहसीलदार
कटघोरा
जिला कोरबा (छ.ग.)

ओवरब्रिज निर्माण में गड़बड़ी, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीपका

गेवरा और दीपका क्षेत्र के मध्य बन रहे ओवरब्रिज के निर्माण में हो रही लेटलतीफी और ठेकेदार की मनमानी के खिलाफ अब नगर पालिका परिषद दीपका के पार्षद एवं पीआईसी मेंबर अरुणीश तिवारी ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने इस पूरे मामले में भारी अनियमितता का आरोप लगाते हुए कलेक्टर को एक लिखित शिकायत सौंपी है और उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। पार्षद अरुणीश तिवारी ने अपनी शिकायत में बताया कि थाना चौक बैरियर से रेलवे क्रॉसिंग (दीपका चौकी) तक बन रहे इस ओवरब्रिज के निर्माण का मुख्य ठेका राइट्स कंपनी को मिला है, जिसने इसे पेटी कॉन्ट्रैक्ट पर बालाजी कंपनी को दे रखा है। दादा भाई ने आरोप लगाया कि 2 वर्षों से अधिक समय से चल रहे इस कार्य की गति बेहद धीमी है और गुणवत्ता भी अत्यंत स्तरहीन है। उन्होंने कहा कि यह कंपनी हमेशा विवादों में घिरी रहती है और मामला हाई कोर्ट तक जाने के बावजूद इसकी कार्यप्रणाली में कोई सुधार नहीं हुआ है। ठेकेदार द्वारा बेतरतीब ढंग से गिट्टी, रेत और अन्य निर्माण सामग्री मुख्य मार्ग पर डंप कर दी जाती है।श्री तिवारी ने कलेक्टर को अवगत कराया कि बालाजी कंपनी ने तहसील कार्यालय, दीपका के पीछे नागिन झांकी क्षेत्र में स्थित सरकारी भूमि पर अवैध रूप से अपना कैंप स्थापित कर लिया है। दादा भाई ने बताया कि कंपनी द्वारा यह भ्रामक दावा किया जा रहा है कि उन्होंने इसकी अनुमति ली है और किराया दे रहे हैं, जबकि असलियत में ऐसा कोई राजस्व भुगतान या वैध आवंटन नहीं किया गया है। पूर्व में इसी कंपनी द्वारा निर्माण कार्यों के दौरान नगर पालिका परिषद दीपका की कई संपत्तियों को भारी नुकसान पहुँचाया गया था। तब प्रशासन की सख्ती के बाद, क्षतिपूर्ति के रूप में कंपनी से 27 लाख रुपये की रिकवरी (जुर्माना) की गई थी।

युवक ने लगाई फांसी जांच में जुटी पुलिस

कोरबा। उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चितापाली निवासी शिवप्रसाद केवट उम्र 38 वर्ष ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। जहां मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। युवक ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।







खबर संक्षेप



पाली महाविद्यालय द्वारा प्रकाशित पुस्तक का आयुक्त उच्च शिक्षा द्वारा विमोचन

पाली। शासकीय नवीन महाविद्यालय पाली में बुधवार को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ व वाणिज्य विभाग द्वारा प्रकाशित एवं आईक्यूएसी प्रभारी डॉ शैख़ तस्लीम अहमद द्वारा संपादित पुस्तक हम सब भारत- सशक्त नागरिक, उन्नत राष्ट्र का विमोचन उच्च शिक्षा आयुक्त रीता यादव के द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ.पुष्प राज लाजरस ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप अध्ययन अध्यापन, एनसीसी, एन एस एस, खेलकूद, स्वीप, माय भारत पोर्टल आदि के संबंध में जानकारी दी। प्राचार्य द्वारा आगामी नवम्बर माह में आयोजित होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय सेमीनार के लिए आयुक्त को आमंत्रित किया गया जिसे आयुक्त ने स्वीकृति प्रदान की है। इस अवसर पर उच्च शिक्षा संचालनालय से सयुंक्त सचालक प्रदीप कुमार वैद्य, आईटी सेल प्रभारी शोएब अन्सारी, आईक्युएसी प्रभारी डॉ शैख़ तस्लीम अहमद, रासेयो कार्यक्रम अधिकार हर्ष पान्डेय उपस्थित थे।

कई महीनों से नहीं उठा कचरा, बदबू से परेशान वार्डवासी



कोरबा। नगर निगम कोरबा के दर्री जोन अंतर्गत वार्ड नंबर 60 के ठाकुरडिया मोहल्ला में कई महीनों से कचरे का नियमित उठाव नहीं होने से वार्डवासी परेशान हैं। जगह-जगह कचरा जमा होने के कारण पूरे क्षेत्र में गंदगी और तेज बदबू का वातावरण बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से कचरा नहीं उठाए जाने के कारण कचरे के ढेर बढ़ते जा रहे हैं। इससे राहगीरों और आसपास रहने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बदबू के कारण लोगों का घरों में रहना भी मुश्किल हो रहा है। वार्डवासियों ने नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों से ठाकुरडिया मोहल्ले में तत्काल कचरा उठाव और नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि समय पर सफाई नहीं हुई तो गंदगी और बदबू की समस्या और बढ़ सकती है। वार्डवासियों ने नगर निगम प्रशासन से मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

नकिया में आंगनबाड़ी में गोद भराई एवं सुपोषण कार्यक्रम आयोजित

कोरबा। सेक्टर लेमरू के ग्राम पंचायत नकिया में महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आनंद राम मझवार (बीडीसी) एवं सरपंच रामिला पति उर्सी मझवार तथा पंच कमला उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में गोद भराई, सुपोषण थैला/पेटी का वितरण किया गया एवं कुपोषित बच्चों तथा कार्यकर्ता-सहायिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों के द्वारा स्वास्थ्य, साफ-सफाई एवं हरे साग भाजी का दैनिक जीवन में उपयोग तथा प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई एवं प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ता शिवकुमारी, रतियारो, पुष्पा मझवार, हलमा एक्का, जलसी खुसरो, दिलेश्वरी मझवार एवं सेक्टर पर्यवेक्षक भी उपस्थित थीं।

मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति से बच्चों की पढ़ाई को मिला संबल

कोरबा। श्रमिक परिवारों के बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति सहायता योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए सहारा बन रही है। योजना से लाभान्वित पोड़ीबहार निवासी श्रीमती ललिता राठौर ने मिली छात्रवृत्ति राशि का उपयोग अपने बच्चे की पढ़ाई के लिए पुस्तकें और कॉपियां खरीदने में किया। श्रीमती ललिता राठौर के पति संतोष कुमार मिस्त्री का काम करते हैं। उनका पंजीयन छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में मजदूर रेजा-कुली के रूप में है। श्रम विभाग से मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना की जानकारी मिलने पर उन्होंने योजना का लाभ लिया। योजना के अंतर्गत उनकी द्वितीय संतान को 3,000 रुपये की छात्रवृत्ति राशि प्राप्त हुई।

महिला सशक्तिकरण केन्द्र के संविदा पदों की पात्र-अपात्र सूची जारी

कोरबा। कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला कोरबा द्वारा मिशन शक्ति अंतर्गत महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन) के संचालन के लिए संविदा पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। जिसमें आई.टी. असिस्टेंट तथा डाटा एंट्री ऑपरेटर (पीएमएमवीवाई) के एक-एक अनारक्षित पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी के बाद पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। सूची के संबंध में अभ्यर्थी अपना दावा-आपत्ति 22 अक्टूबर तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, कोरबा में स्वयं उपस्थित होकर अथवा डाक के माध्यम से जमा कर सकते हैं।

अब 5 साल की जगह हर वर्ष होगी कोयला कर्मियों आवधिक चिकित्सा जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोलकर्मियों की आवधिक चिकित्सा जांच को लेकर बड़ा बदलाव किया जा रहा है। फिलहाल खदान में कार्यरत प्रत्येक व्यक्ति की आवधिक चिकित्सा जांच अधिकतम पांच साल के अंतराल पर होती है। अब इसे वार्षिक करने की प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा 40 वर्ष की आयु पूरी करने वाले कर्मचारियों के लिए हर साल स्वास्थ्य जांच का प्रावधान प्रस्तावित है। कोल इंडिया का लक्ष्य खदान कर्मियों की 100 प्रतिशत वार्षिक आवधिक चिकित्सा जांच और 40 वर्ष की आयु पूरी करने वाले कर्मचारियों की नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करना है।

उल्लेखनीय है कि नये श्रम कानूनों के संभावित क्रियान्वयन से पहले कोल इंडिया लिमिटेड ने अपनी स्वास्थ्य और सुरक्षा व्यवस्था को नये सिरे से तैयार करने का खाका बनाया है। कंपनी ने व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य-दशा संहिता, 2020 और उसके नियमों के अनुरूप मौजूदा व्यवस्था में बदलाव का प्रारूप तैयार किया है। तीन सितंबर को हुई एपेक्स संयुक्त सलाहकार समिति (जेसीसी) की बैठक में यह प्रारूप यूनियन प्रतिनिधियों के समक्ष प्रस्तुतीकरण के माध्यम से रखा गया। सुरक्षा अधिकारियों की संख्या तय करने के मौजूदा आधार में औसत मासिक उत्पादन और सामग्री प्रबंधन शामिल है। नये प्रस्ताव में इसे कर्मियों की संख्या से जोड़ने की तैयारी है। इसके तहत 100 से 500 कर्मियों वाली खदान में एक, 501 से 1,000 में दो और 1,001 से 1,500 कर्मियों वाली खदान में तीन सुरक्षा अधिकारी रखने का प्रस्ताव है। इसके बाद प्रत्येक अतिरिक्त 500 कर्मियों पर एक सुरक्षा अधिकारी रखने की व्यवस्था प्रस्तावित है। इससे कम उत्पादन वाली भूमिगत खदान या कम सामग्री संभालने वाली खुली खदान में भी 100 या उससे अधिक कर्मी होने पर सुरक्षा अधिकारी की आवश्यकता हो सकती है। प्रस्तावित व्यवस्था में दैनिक कार्य अवधि आठ घंटे और साप्ताहिक अधिकतम कार्य अवधि 48 घंटे रखने का प्रस्ताव है। सप्ताह में अधिकतम छह दिन काम लिया जा सकेगा। अतिरिक्त काम के लिए दोगुनी दर से भुगतान जारी रखने और ओवरटाइम की अधिकतम सीमा एक तिमाही में 144 घंटे रखने का प्रस्ताव है। वार्षिक छुट्टी की पात्रता में भी बदलाव प्रस्तावित है। भूमिगत और अन्य कर्मियों के लिए वर्तमान में क्रमशः 190 और 240 दिन की उपस्थिति के आधार पर पात्रता के स्थान पर दोनों श्रेणियों के लिए 180 दिन की उपस्थिति को आधार बनाने का प्रस्ताव रखा गया है।

40 की उम्र के बाद सेहत को लेकर बड़ा फैसला, बदला नियम

खास बातें

- अपेक्स संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक में यूनियन प्रतिनिधियों के समक्ष रखा गया प्रारूप



महिला कर्मियों की जांच में भी बदलाव का प्रस्ताव

प्रस्तावित व्यवस्था में महिला कर्मियों की चिकित्सा जांच महिला चिकित्सक द्वारा अथवा महिला परिचारिका की मौजूदगी में कराने का प्रावधान रखा गया है। बचाव दल के प्रशिक्षित कर्मियों की वार्षिक चिकित्सा जांच की व्यवस्था भी जारी रखने का प्रस्ताव है। चिकित्सा जांच, स्वास्थ्य अभिलेख और व्यावसायिक स्वास्थ्य निगरानी को डिजिटल बनाने के लिए सीआइएल-मेडएक्स मंच विकसित किया जा रहा है।

100 या अधिक कर्मियों वाली खदान में सुरक्षा समिति

प्रस्तावित व्यवस्था के अनुसार 100 या उससे अधिक कर्मियों वाली खदानों में सुरक्षा समिति अनिवार्य होगी। समिति में नियोक्ता और कर्मचारी प्रतिनिधियों की संख्या बराबर होगी और अधिकतम 20 सदस्य होंगे। इसमें महिला प्रतिनिधित्व भी सुनिश्चित करने का प्रस्ताव है। समिति का कार्यकाल तीन वर्ष होगा। मौजूदा व्यवस्था में भी 100 से अधिक कर्मियों वाली खदानों में सुरक्षा समिति का प्रावधान है।

कोतवाली थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस कार्रवाई से मचा हड़कंप

नए मकान से लाखों इलेक्ट्रानिक व प्लंबिग के सामानों की चोरी, 3 खरीदार सहित 6 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत नए मकान में हुई लाखों रुपए की चोरी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में चोरी करने वाले तीन आरोपियों और चोरी का माल खरीदने वाले शहर के तीन प्रमुख दुकानदारों को गिरफ्तार कर कुल 6 आरोपियों को जेल भेज दिया है। उनके कब्जे से चोरी किए गए लाखों रुपए के प्लंबिंग और इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद कर लिए गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, गुलशन वासन द्वारा अपने नए मकान का निर्माण कराया जा रहा था। मकान में कीमती प्लंबिंग फिटिंग्स और इलेक्ट्रॉनिक सामान लगाए जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने 2 अक्टूबर से 6 अक्टूबर के बीच सूने मकान में घुसकर लगभग 3 लाख रुपए कीमती प्लंबिंग व इलेक्ट्रॉनिक सामान पार कर दिए थे। घटना के बाद पीड़ित गुलशन वासन की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में नगर कोतवाल प्रेमचंद साहू ने जांच शुरू की और अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर 3 संदिग्धों को हिरासत में लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने चोरी की वारदात कबूल की और बताया कि उन्होंने चोरी का सामान शहर के ही तीन अलग-अलग इलेक्ट्रॉनिक और प्लंबिंग की दुकानों में बेच दिया था। इसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सामान खरीदने वाले तीनों दुकानदारों को गिरफ्तार कर लिया और उनकी दुकानों से लाखों रुपए का चोरी का माल बरामद किया।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

6 आरोपी भेजे गए जेल

पुलिस ने इस मामले में चोरी करने वाले 3 बदमाशों और चोरी का सामान खरीदने वाले 3 दुकानदारों सहित कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। नगर कोतवाल प्रेमचंद साहू ने बताया कि चोरी करने वाले आरोपियों में पुरानी बस्ती निवासी रहीम खान 21 वर्ष पिता कलीम खान, रईस खान 21 वर्ष पिता कलीम खान, साहिम खान 19 वर्ष पिता कलीम खान ने मकान में चोरी की थी। जबकि खरीदारों में अग्रसेन चौक निवासी मुकेश अग्रवाल 42 वर्ष पिता गोपीराम अग्रवाल, दीनदयाल अग्रवाल 59 वर्ष पिता स्व.रघुनाथ अग्रवाल एवं नीरज अग्रवाल उम्र 47 वर्ष पिता गोपीराम अग्रवाल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिनके खिलाफ धारा 137/26, 331(4), 305(ए), 317(2), 3(5) बीएनएस के तहत कार्यवाही की गई है।

हाथियों का उत्पात जारी, कई गांवों में खड़ी फसलों को रौंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा एवं कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात जारी है। कटघोरा वनमंडल के एतमानगर, जटगा व पसान रेंज में 57 हाथी सक्रिय हैं वहीं कोरबा वनमंडल के करतला रेंज में एक दंतैल हाथी उत्पात मचा रहा है। करतला रेंज में उत्पाती हाथी ने बीती रात अपना लोकेशन बदलते हुए कोटमेर से पीड़िया गांव के निकट पहुंच गया और वहां ग्रामीणों के खेतों में लगी खड़ी फसल को रौंद डाला। हाथियों के उत्पात से कई गांव के लोग प्रभावित हैं। पीड़ित ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर नुकसानी के आंकलन में जुट गया है। पीड़िया, बड़मार व आसपास के गांवों में मुनादी कराई जा रही है और ग्रामीणों को हाथियों से दूरी बनाए रखने को कहा जा रहा है।

उधर कटघोरा वनमंडल अंतर्गत एतमानगर रेंज के मड़ई जंगल में विचरण कर रहे दो हाथियों ने भी बंजारी क्षेत्र में पहुंचकर दो ग्रामीणों के फसल को तहस-नहस कर दिया। जबकि जटगा रेंज में तीन हाथी अभी भी मुकुवा पहाड़ पर डेरा डाले हुए हैं। पसान रेंज के पसान सर्किल में बड़ी संख्या में हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीण सहमे हुए हैं। हाथियों का झुंड क्षेत्र में लगातार उत्पात मचा रहा है और खेतों में लगे धान की फसल को रौंदने के साथ तहस-नहस कर रहा है।

पत्नी से रहता था अलग, अज्ञात कारणों से जहर खाकर युवक ने दे दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केराकछार निवासी एक युवक ने पारिवारिक विवाद और मानसिक तनाव के चलते कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक राजू केवट पूर्व में कोतवाली थाना क्षेत्र के देवांग मोहल्ला में निवास करता था। बताया जा रहा है कि कुछ माह पूर्व ही उसका अपनी पत्नी से विवाद हो गया था, जिसके बाद पत्नी उससे अलग हो गई। पत्नी से अलग होने के बाद राजू अपने मूल गांव केराकछार में ही अकेले रह रहा था। पति-पत्नी के बीच हुए इस अलगाव के कारण वह पिछले कुछ समय से काफी तनाव में चल रहा था। इसी बीच 23 सितंबर को उसने अपने घर में रखी जहरीली कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। परिजनों को जब इसकी भनक लगी, तो उन्होंने तत्काल उसे इलाज के लिए जिला मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में जीवन और मौत से संघर्ष करते हुए इलाज के दौरान राजू की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया है और मामले की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

बरबसपुर चौक में सोलर हाईमास्ट से रोशनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सूरज ढलने के बाद गांव की सड़कें और चौक-चौराहे रोशनी से जुड़ जाएं तो रात का आवागमन सहज हो जाता है। दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में प्रकाश की सुविधा लोगों की दैनिक गतिविधियों के साथ सुरक्षा और आवागमन के लिए भी महत्वपूर्ण है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए कोरबा जिला प्रशासन द्वारा खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) की स्वीकृत राशि से दूरस्थ क्षेत्रों में सौर ऊर्जा आधारित प्रकाश व्यवस्था विकसित की जा रही है। कोरबा विकासखंड के ग्राम बरबसपुर के चौक में क्रेडा विभाग द्वारा सोलर हाईमास्ट लाइट स्थापित की गई है।

सोलर हाईमास्ट की सुविधा से पहले शाम के बाद बरबसपुर चौक और आसपास के हिस्सों में पर्याप्त रोशनी नहीं रहती थी। रात में आने-जाने वाले ग्रामीणों को अंधेरे में रास्ता तय करना पड़ता था। खेतों या आसपास के हिस्सों की ओर जाने वाले लोगों को विशेष सावधानी रखनी पड़ती थी। अंधेरे में जंगली जीव-जंतुओं, सांप-बिच्छू आदि का डर भी बना रहता था। अब बरबसपुर चौक सोलर हाईमास्ट की रोशनी से जगमगा रहा है। सड़क, चौक और आसपास के क्षेत्र में पर्याप्त प्रकाश मिलने से ग्रामीणों को रात के समय आवागमन में सुविधा हो रही है। रास्ता स्पष्ट दिखाई देने से पैदल चलने वाले लोगों को सहूलियत मिली है और शाम के बाद जरूरी काम से बाहर निकलना भी आसान हुआ है। बरबसपुर चौक में स्थापित हाईमास्ट सौर ऊर्जा से संचालित होने के कारण इसके लिए नियमित बिजली आपूर्ति पर निर्भरता नहीं रहती और बिजली बिल का अतिरिक्त खर्च भी नहीं आता। बैटरी बैकअप की सुविधा से मौसम खराब होने या विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में भी प्रकाश उपलब्ध रहने में मदद मिलती है।

खास बात

- सुरक्षा और आवागमन को मिला सहारा

पालिका अध्यक्ष सोनी ने किया मोंगरा में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

बरसात समाप्त होते ही नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलनी शुरू हो गई है। इसी कड़ी में बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने वार्ड क्रमांक 3 मोंगरा बस्ती में सीसी रोड निर्माण कार्य का विधि-विधान से भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। 2

वार्ड क्रमांक 3 मोंगरा बस्ती में मुख्य बस्ती मेन रोड से सोसायटी तक सीसी रोड निर्माण के लिए 9 लाख 68 हजार रुपए तथा मुख्य बस्ती से ध्रुव यादव के घर-कुआं तक सीसी रोड निर्माण के लिए 8 लाख 18 हजार रुपए की राशि स्वीकृत है। दोनों मार्गों को मिलाकर कुल 17 लाख 86 हजार रुपए की लागत से सड़क निर्माण कराया जाएगा। भूमिपूजन के अवसर पर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। सड़क, नाली, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और स्वच्छता जैसे कार्यों को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से जिन क्षेत्रों में सड़क निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्य स्वीकृत कराए जा रहे हैं। वार्ड क्रमांक 3 में सीसी रोड बनने से स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियों से भी राहत मिलेगी। उन्होंने निर्माण एजेंसी एवं संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजयुमो छत्तीसगढ़ विकास झा ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सड़क निर्माण जैसे कार्य सीधे तौर पर आम नागरिकों की सुविधा से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि वार्डों में नागरिकों से मिल रही समस्याओं और मांगों को प्राथमिकता के साथ संबंधित विभागों के समक्ष रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बांकीमोंगरा के सभी वार्डों में आवश्यकतानुसार विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि नागरिकों को बेहतर सड़क, नाली, पेयजल, प्रकाश एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने नागरिकों से भी निर्माण कार्य में सहयोग करने और गुणवत्ता पर नजर रखने की अपील की।


भूमिपूजन करती पालिका अध्यक्ष व अन्य।



अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्रामीणों ने लिया जल स्रोतों को स्वच्छ रखने का संकल्प

जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव जल संसाधन विभाग के तत्वावधान में हसदेव बैराज जलप्रबंध संभाग, रामपुर में 'जल जन सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत स्वच्छता एवं जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य जल के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करना, जलाशयों और अन्य जल स्रोतों की सुरक्षा के लिए जनभागीदारी बढ़ाना तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश देना था।


फाइल फोटो

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों, सफाई मित्रों और स्थानीय नागरिकों ने हाथों में 'जल जन सेवा संकल्प' के पंपलेट लेकर जल की प्रत्येक बूंद बचाने और जल स्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लिया। इसके बाद परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया गया। सहभागी लोगों ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता में श्रमदान किया और आसपास के लोगों को भी अपने परिवेश को साफ रखने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि जल जीवन का आधार है। पेयजल, कृषि, उद्योग और प्रकृति के संतुलन के लिए जल स्रोतों का संरक्षण आवश्यक है। बैराज, जलाशय और नदियां केवल जल उपलब्ध कराने के साधन नहीं, बल्कि क्षेत्र के पर्यावरण और जनजीवन से भी जुड़ी हैं। इनकी स्वच्छता और सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रशासन के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक की भी है। उन्होंने जल के विवेकपूर्ण उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि जल की बर्बादी रोकना और वर्षा जल का संरक्षण करना समय की आवश्यकता है। आज जल संसाधनों की सुरक्षा के लिए उठाए गए छोटे-छोटे कदम आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य की नींव बन सकते हैं। जल स्रोतों में कचरा नहीं डालना, पानी का अनावश्यक उपयोग रोकना और स्वच्छता बनाए रखना हर नागरिक का दायित्व है। अभियान में सिंचाई विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, सफाई मित्रों तथा स्थानीय ग्रामीणों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण और स्वच्छता के कार्यों में सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया गया।

